मनमानी | स्लीमनाबाद क्षेत्र के भूला-टिकरिया गांव में लगातार किया जा रहा अवैध खनन

बेखौफ माफिया करा रहा बॉक्साइट का अवैध खनन

नवभारत, कटनी। जिले के स्लीमनाबाद तहसील के भूला-टिकरिया गांव में अवैध बॉक्साइट उत्खनन करने वाले खनन माफिया अब पूरी तरह बेखौफ नजर आ रहे हैं। जीपीएस लोकेशन युक्त प्रमाण सामने आने और लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से माफियाओं के हौसले बुलंद हो गए है। जिला प्रशासन को चुनौती देते हुए खनिज माफिया ने रास्ते को जेसीबी से खुदवा दी है। सूत्रों का कहना है कि ऐसा इसलिए किया गया है ताकि जिला प्रशासन की जांच टीम वहां तक नहीं पहुंच सके, जहां पर अवैध उत्खनन किया गया है। सूत्रों के अनुसार खनन क्षेत्र तक पहुंचने वाले मुख्य रास्ते को जानबूझकर काट दिया गया है, ताकि कोई भी अधिकारी या जांच दल सीधे वाहन से अवैध खनन स्थल तक नहीं पहुंच सके। इस नाली के कारण चार पहिया वाहन आगे नहीं जा पाएंगे। जिससे जांच में देरी हो और खनन माफिया अपने अवैध खनन के कारनामे को छिपा सके। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया को जैसे ही किसी अधिकारी के आने की भनक लगती है, मुखबिरों के माध्यम से सूचना दे दी जाती है। इसके बाद रात में खनन में लगे मजदूर, ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनें मौके से हटा ली जाती हैं। सूत्रों के अनुसार प्रतिदिन रात के समय 3 से 4 ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन मौके पर पहुंचाई जाती है। देर रात से सुबह लगभग 5 बजे तक लगातार बॉक्साइट का उत्खनन किया जाता है। सुबह होते ही मशीनें और वाहन हटा लिए जाते हैं, जिससे दिन में स्थल शांत नजर आता है। जानकारी के अनुसार शिकायत के साथ प्रस्तुत जीपीएस लोकेशन युक्त तस्वीरों से खनन स्थल की सटीक पहचान संभव है, इसके बावजूद राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग के अधिकारी अब तक मौके पर जाकर जांच नहीं की गई है। इसी प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाही का लाभ उठाकर खनन माफिया खुलेआम रास्ते तक काटने की हिम्मत दिखा रहा है। शिकायत में किसी अजय नामक व्यक्ति का नाम भी अवैध खनन से जुड़ा बताया गया है, लेकिन न तो उससे पूछताछ की गई है और न ही किसी प्रकार की जवाबदेही तय की जा रही है। जिसके कारण जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन शासकीय भूमि पर किया जा रहा है, जिससे शासन को हर लाखों रुपए की राजस्व क्षति हो रही है। इसके साथ ही पर्यावरण को गंभीर क्षति होने के साथ ही किसानों की जमीनों को नुकसान हो रही है। ग्रामीण सड़कों की हालत भी भारी वाहनों के कारण जर्जर हो रही है। प्रशासन का अवैध खनन पर रोक लगाकर अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

कराएं साफ-सफाई, डिवाइडर में लगाएं हरियाली

बैठक में नगर निगम आयुक्त ने दिए अधिकारियों को निर्देश

नवभारत, कटनी। शहर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित कर लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा वर्तमान में किए जा रहे प्रयासों में और भी सुधार की गुंजाइश है। इसके लिए निर्धारित रूट चार्ट के अनुरूप ही प्रत्येक मार्ग की सुनियोजित लगातार सफाई के प्रयासों को व्यापक स्तर से किए जाने की आवश्यकता है। तभी शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित करने में सफलता हासिल की जा सकेगी। ये बातें नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कहीं। नगर निगम आयुक्त ने सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित यांत्रिक और मैनुअल सफाई करने, स्वीपिंग मशीन के माध्यम से धूल नियंत्रण की कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने मुख्य मार्गों के किनारे, डिवाइडर, पेवर ब्लॉक के ऊपर जमा धूल मिट्टी की सफाई कराने के लिए कहा। निगमायुक्त ने घुमंतू मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण के लिए प्रतिदिन कारगर कार्रवाई करने के साथ ही सफाई नियमों का पालन नहीं करने, अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने, निर्माण और तोड़फोड़ कार्यों से उत्पन्न धूल पर नियंत्रण, सार्वजनिक मार्गों पर निर्माण सामग्री रखने वालों के खिलाफ मौके पर जुर्माना कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य मार्गों डिवाइडर के अंदर सुंदर छोटे फूलदार पौधों का रोपण कर करने कहा गया है।

एक नजर में

ठंड से बचाने लगातार की जा रही अलाव की व्यवस्था

नवभारत, कटनी। शहर में लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और नगर निगम आयुक्त निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर के विभिन्न स्थलों पर अलाव की व्यवस्था के साथ ही बस स्टैंड रैन बसेरा की व्यवस्थाएं लगातार जारी रखी गई हैं। नगर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, माधवनगर गेट हनुमान मंदिर के पास, जगन्नाथ चौक, कमानिया गेट गली सहित प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, जरूरतमंदों की अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था की जा रही है, जिससे ठंड से राहत मिल सके। नगर निगम के विभागीय अधिकारी और संबंधित अमला नियमित रूप से अलाव स्थलों और रैन बसेरा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। रैन बसेरा प्रभारी और राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक ने रैन बसेरा पहुंचकर वहां उपलब्ध गर्म कपडों गद्दे, रजाई, कंबल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, संधारित रजिस्टर और आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का निरीक्षण किया गया।

टॉस्क फोर्स का गठन

नवभारत, कटनी। शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों द्वारा बढ़ते आत्महत्या की रोकथाम के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। यह पहल राज्य परियोजना संचानालय, विश्व बैंक परियोजना और उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार और सर्वोच्च न्यायालय के आपराधिक अपील दिए गए निर्णय के अनुपालन में की गई है। जारी आदेश के अनुसार टास्क फोर्स के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। जबकि पुलिस अधीक्षक, परियोजना अधिकारी डूडा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाल सुरक्षा विभाग, महिला और बाल विकास अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी इसके जिला स्तरीय टास्ट फोर्स के सदस्य होंगे। वहीं प्राचार्य, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसके सदस्य सचिव होंगे।

रेस्टॉरेंट में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

सुभाष चौक स्थित रेस्टॉरेंट में लगी अचानक आग

नवभारत, कटनी। शनिवार सुबह लगभग साढ़े 11 बजे अचानक लगी आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार कंट्रोल रूम के माध्यम से सुभाष चौक स्थित फूड आइसलैंड रेस्टोरेंट में अग्नि दुर्घटना की सूचना मिली थी। जिसके बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुए फायर वाहन को टीम के साथ निर्धारित समय पर घटना स्थल सुभाष चौक पहुंची। जहां पर आग में काबू पाने के लिए राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। सहायक फायर अधिकारी शैलेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि फायर कर्मचारियों ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए जल्द ही आग पर काबू पा लिया है। टीम द्वारा समय रहते की गई कार्रवाई से हादसे की व्यापकता पर रोक लगाने में सफलता मिल सकी। निगम प्रशासन ने बताया कि फायर ब्रिगेड दल हमेश अलर्ट मोड पर कार्यरत है और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए रवाना किया जाता है।

चार दिन से ट्रांसफार्मर खराब, अंधेरे में छात्रावास और रेस्टहाउस

बिजली विभाग की चौपट व्यवस्था से जनता परेशान

नवभारत, बाकल। जिले के ग्राम बाकल स्थित राजीव नगर मोहल्ले में घरेलू विद्युत ट्रांसफार्मर बीते चार दिनों से खराब पड़ा है, जिससे पूरे राजीव नगर सहित बालिका छात्रावास एवं रेस्ट हाउस की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप है। लगातार चार दिनों से ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली गुल होने से क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। मोटर पंप नहीं चल पाने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं एवं बोर्ड की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं अंधेरे में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। बालिका छात्रावास में रह रही छात्राओं को भी गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के मुखिया आशीष तिवारी से इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेने की मांग करते हुए अविलंब खराब ट्रांसफार्मर को दुरुस्त कराने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विद्युत विभाग को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है और इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। जिम्मेदार अधिकारी इस ओर आंखें मूंदे बैठे हैं। क्षेत्र के किसानों ने विद्युत विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में विभाग द्वारा कोई पहल नहीं की जाती। मजबूरी में किसानों को स्वयं के खर्च पर और स्वयं के वाहनों से ट्रांसफार्मर सलीमनाबाद विद्युत केंद्र जमा कराने जाना पड़ता है। नया ट्रांसफार्मर हो या रिपेयर का कार्य, पूरा खर्च किसानों को ही उठाना पड़ता है। किसानों ने बताया कि वे स्वयं पहल न करें तो उनकी कोई सुनवाई नहीं होती। ट्रांसफार्मर खराब होने पर स्वयं खर्च उठाने की मजबूरी के कारण किसानों की फसलें सूखने की कगार पर पहुंच जाती हैं। वहीं इस मामले में बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता राजेश सेन का कहना है कि विभाग के नियमानुसार मोहल्ले के बकाया बिजली बिलों में से दस प्रतिशत बिजली बिल जमा होंगे तो ट्रांसफार्मर बदलवाने की प्रक्रिया ही शुरू कर दी जाएगी।

अधर्म, अन्याय से मुक्ति की कामना, भक्तों का उद्धार करने की प्रार्थना

श्रीशनिदेव प्रगटोत्सव के साथ नए वर्ष का अभिनंदन

नवभारत, उमरियापान। नूतन वर्ष 2026 की पावन बेला पर परंपरागत पावन नगरी भुड़सा धाम में श्री शनिदेव महाराज जी का स्थापना दिवस मातृभूमि सेवा समिति द्वारा उल्लासपूर्वक मनाया गया। पिछले वर्षों में न्यायाधिपति श्रीशनिदेव महाराज जी की स्थापना धार्मिक बंधुओं के जनसहयोग से मां चित्रा देवी स्वयं सिद्ध शक्तिपीठ भुड़सा के प्रवेश द्वार पर की गई है । हर वर्ष की तरह उनका प्रगटोत्सव धार्मिक बंधुओं के सहयोग से मनाया गया। इस दौरान पूजन, हवन, कन्यापूजन, श्री सुंदरकांड रामायण पाठ और शमीपत्र में शनिदेव जी का अभिषेक कर भंडारे का आयोजन नमामि जननि सुकर्म यात्रा, मातृभूमि आरोग्य व आध्यात्मिक सेवा कुंज के संस्थापक आचार्य राजा भैया सोनी द्वारा किया गया। श्रीशनिदेव महाराज से ग्राम, क्षेत्र, जगत से अधर्म, अन्याय, अत्याचार, कुकर्म और अपराध, पापाचरण का शीघ्र नाश करने, भक्तों का उद्धार, कल्याण करने की प्रार्थना की गई। इसी स्थान पर बेटियों के सम्मान के लिए संचालित नमामि जननि सुकर्म यात्रा का दिव्य और भव्य स्मृति स्थान आचार्य सोनी द्वारा करवाया गया है। आगामी समय में यहीं पर आचार्य द्वारा अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में श्रीगीता रामायण धाम का निर्माण कराया जाएगा। जिसके माध्यम से प्रभु चरित्र की लीलाओं और विश्व धरा में विराजमान सभी देवस्थानों के तैलचित्रों के दर्शन और आशीर्वाद जनमानस को सहज ही उपलब्ध हो सकेंगे।

केमिस्ट की जांच के बाद ही कराई गई पेयजल सप्लाई

विश्राम बाबा वार्ड में मटमैले पेयजल की कराई गई जांच

नवभारत,कटनी। विश्राम बाबा वार्ड की लारेंस लाईन पटेल मार्केट के पीछे मटमैले पानी की शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए निगमायुक्त तपस्या परिहार ने निगम की जलकार्य शाखा को प्रकरण की वस्तुस्थिति की जांच कर उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जिस पर जल कार्य शाखा द्वारा स्थल का निरीक्षण कर ट्यूबवेल का पानी ड्रेन कराया जाकर पानी की जांच के बाद पेयजल आपूर्ति कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जल प्रदाय शाखा के उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान नलकूप के जलस्तर में परिवर्तन होने के कारण मटमैले पानी की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके तत्काल निराकरण के लिए नलकूप को ड्रेन कराया गया। पानी की सफाई के बाद केमिस्ट से सैंपल की जांच कराई गई। जिसके बाद क्षेत्र में पेयजल की सप्लाई कराई गई । नगर निगम द्वारा क्षेत्र में शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए लगातार गंभीरता से प्रयास कर रहा है। कहीं से भी पेयजल संबंधी शिकायत आने पर तत्काल उसकी जांच कराई जा रही है। जांच के बाद सुधार कार्य कराया जा रहा है। जिसके बाद ही पेयजल की सप्लाई की जा रही है।

शिविर में 190 मरीजों की जांच, 79 का ऑपरेशन

नवभारत, कटनी। डॉ गीता गुप्ता चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा नववर्ष के अवसर पर डॉ शैफाली गुप्ता द्वारा जीजी नर्सिंग होम हॉस्पिटल बरगवां मे नि: शुल्क नेत्र जांच परीक्षण और नि: शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन करने का शिविर लगाया गया। जिसमें 190 मरीजों की आंखो की नि: शुल्क जांच की गई। जांच के बाद चिन्हित किए गए 79 मरीजों का नि: शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों को नि: शुल्क चश्मे और दवाइयां दी गई हैं। शिविर के दौरान मरीजों को उनकी आँखों के रख रखाओ, स्वस्थ्य रखने के संबंध में जीजी नर्सिंग होम हॉस्पिटल की डॉक्टर शैफाली गुप्ता जी द्वारा जानकारी दी भी दी गई है।

किसानों से खरीदी गई धान का 530 करोड़ से अधिक का भुगतान

जिले में अब तक 3 लाख 61 हजार मीट्रिक टन खरीदी

नवभारत, कटनी। जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुए धान उपार्जन में शनिवार 3 जनवरी तक 43 हजार 586 किसान से अब तक 3 लाख 61 हजार 764 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा गया है। जिले में अब तक 58 हजार 965 किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की गई है। 2 लाख 62 हजार 655 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किए गए है। साथ ही अब तक किसानों से खरीदी गई धान का 530.47 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया गया है। जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में 8608 किसानों से 73 हजार 206 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 8136 किसानों से 56 हजार 894 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई है। इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 6252 किसानों से 46 हजार 446 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। जबकि रीठी तहसील में 4808 किसानों से 45 हजार 888 मीट्रिक टन धान खरीदी गई है। विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक की स्थिति में 5101 किसानों से 41 हजार 929 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। वहीं बरही तहसील में 4109 किसानों से 36 हजार 428 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 3213 किसानों से 29 हजार 336 मीट्रिक टन, कटनी नगर तहसील में 1904 किसानों से 19 हजार 770 मीट्रिक टन और कटनी ग्रामीण तहसील में 1455 किसानों से 11 हजार 868 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

सुनवाई | नगर निगम सभाकक्ष में लगाया गया समस्या निवारण शिविर, सुनवाई कर नगर निगम आयुक्त ने दिए निराकरण के निर्देश

कर्मचारियों को नहीं लगाना पड़े कार्यालयों के चक्कर, बनाए सरल और पारदर्शी व्यवस्था

नवभारत, कटनी। नगर निगम में कार्यरत वर्तमान कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए नगर निगम आयुक्त आईएएस तपस्या परिहार की पहल पर नगर निगम के एमआईसी कक्ष में आयोजित कर्मचारी समस्या निवारण शिविर में सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरार नगर निगम के वर्तमान और सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं संबंधी आवेदन दिए। शिविर के दौरान निगमायुक्त ने कर्मचारियों से आवेदन लिए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। शिविर में पहुंचे विद्युत शाखा के राज कुमार राजभर और फायर ब्रिगेड विभाग के कर्मचारी दिलराज सिंह के आवेदनों पर सुनवाई के बाद निगमायुक्त द्वारा आवेदनों पर समय-सीमा में कार्रवाई करने के लिए लेखापाल श्रीकांत तिवारी को निर्देशित किया गया। जबकि स्थाई कर्मी महेश कुमार चौबे द्वारा नियमितीकरण किए जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई के बाद स्थापना प्रभारी को प्रकरण पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए। वहीं एरियर भुगतान, पेंशन, ग्रेच्युटी, भविष्य निधि, पारिवारिक पेंशन, विधि विभाग और अन्य सेवा संबंधी विषयों से संबंधित आवेदनों पर सुनवाई के बाद विभागीय अधिकारियों को भेज कर आगामी माह आयोजित होने वाले शिविर के पूर्व प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई कर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त शैलेष गुप्ता भी मौजूद रहे। शिविर के दौरान नगर निगम के विभिन्न विभागों के लगभग 70 आवेदन प्राप्त हुए।

कर्मचारियों की समस्याओं का पारदर्शी, सरल और संवेदनशील समाधान करने के उद्देश्य निगमायुक्त द्वारा ऐसे शिविरों का आयोजन नियमित रूप से प्रतिमाह करने के निर्देश दिए गए है। जिससे नगर निगम के वर्तमान और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़े।

अमानक दही और पनीर के विक्रय पर 15 हजार का जुर्माना

नवभारत, कटनी। एडीएम नीलांबर मिश्रा ने अमानक दही और पनीर के विक्रय, संग्रहण के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान संचालक पर 15 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया गया है। एडीएम द्वारा जारी आदेश में अर्जित अनुचित लाभ और उल्लंघन की पुनरावृत्ति को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के छपरा गांव स्थित राहुल ठाकुर के फर्म श्रीसांई दूध डेयरी को अमानक और मिथ्याछाप दही, पनीर का संग्रहण, विक्रय करने पर 15 हजार रूपए के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है। अनावेदक को अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से हैड क्रमांक 0210 चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य खाद्य अपमिश्रण और औषधि नियंत्रण के अंतर्गत लाइसेंस फीस अर्थदंड के खाते में 30 दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति इस न्यायालय में जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है। राशि जमा नहीं करने की दशा में लोक धन शोध अधिनियम के तहत राशि की वसूली की जाएगी।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024